श्याम करता है सुनवाई | By Aarti Sharma

मैंने श्याम से अर्ज़ी लगाईं किसी से अब क्यूँ कहना
स्याम करता है सुनवाई किसी से अब क्यूँ कहना
मैंने श्याम से अर्ज़ी लगाईं.............

ज़माना हंसा मुझ पे
कहा कुछ नहीं तुझसे
तेरी सुनी थी बहुत बढ़ाई
मेरी भी कर सुनवाई
तुझसे ही आस लगाईं किसी से अब क्यूँ कहना
मैंने श्याम से अर्ज़ी लगाईं.............

जहाँ की ख़ुशी देदी
लबों पे हंसी देदी
जब मोरछड़ी लहराई
हर विपदा दूर हटाई
अब तुझमे लौ है लगाईं किसी से अब क्यूँ कहना
मैंने श्याम से अर्ज़ी लगाईं.............

मुश्किलें आसान कर दी
मेरी भी झोली भर दी
जब राज तेरे दर आया
तुझे दिल का हाल सुनाया
तब तूने पकड़ी कलाई
अब सही ना जाए जुदाई किसी से अब क्यूँ कहना
मैंने श्याम से अर्ज़ी लगाईं.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%88-by-aarti-sharma/